# शहर में प्री-मानसून की एंट्री

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 1 जुलाई.** लंबे इंतजार के बाद अंचल में मौसम ने करवट बदल ली है। ग्वालियर और आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार देर

**▸ रात ढाई बजे से रिमझिम बारिश, बादलों ने डाला डेरा, अगले 4 दिन का अलर्ट जारी**

रात करीब ढाई बजे से रुक-रुककर हो रही बारिश ने भीषण गर्मी और उमस से परेशान शहरवासियों को बड़ी राहत दी है। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश का अलर्ट जारी किया है।



इसके साथ ही अगले 48 से 72 घंटों के भीतर अंचल में मानसून की औपचारिक दस्तक की प्रबल संभावना जताई गई है।मौसम विभाग के अनुसार देर रात से जारी मानसूनी फुहारों के कारण तापमान में तेजी से गिरावट आई है।

**न्यूनतम तापमान:** बीते मंगलवार को जो न्यूनतम तापमान 30.3 था, वह बुधवार को लुढ़क कर 24.4 पर आ गया। मंगलवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री दर्ज किया गया था, जिसमें अब 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की कमी आने का अनुमान है।

**जून के सूखे के बाद जुलाई की राहत भरी शुरुआत-** ग्वालियर के लिए जून का महीना बेहद शुष्क और गर्म बीता, जहां पूरे महीने में मात्र 39.3 एमएम बारिश ही रिकॉर्ड की गई थी। अधिकांश दिनों में पारा 40 से 42 डिग्रीके बीच रहने के कारण लोग उमस से बेहाल थे। लेकिन जुलाई की शुरुआत होते ही बदले मौसम ने अंचल को बड़ी राहत दी है।

### 3 से 4 जुलाई तक ग्वालियर पहुंचेगा मानसून

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, मानसून अब भोपाल को कवर करते हुए सागर की ओर बढ़ चुका है। यदि मानसून की यही गति बरकरार रही, तो 3 जुलाई तक इसके ग्वालियर-चंबल संभाग में प्रवेश करने की पूरी उम्मीद है।

## आजीविका के लिए गारंटी मिशन का शुभारंभ आज

**ग्वालियर 1 जुलाई.** भारत सरकार द्वारा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार एवं आजीविका के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए विकसित भारत - रोजगार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) का जिला स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम कल 2 जुलाई को प्रात: 11:00 बजे नीम पर्वत, ग्राम उदयपुर ग्वालियर में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान रहेंगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष, समस्त जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्रामों के सरपंच, स्व-सहायता समूह की दीदियां, मनरेगा जॉब कार्डधारी मजदूर, ग्रामीण युवा एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

# वीडियो कॉल से रिटायर्ड रेलकर्मी के 7 .40 लाख पार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 1 जुलाई.** चार शहर का नाका इलाके में रहने वाले एक रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी साइबर ठगों के शातिर जाल में फंस गए। ठगों ने पेंशन

**▸ पेंशन वेरिफिकेशन के नाम पर आया था कॉल**

वेरिफिकेशन का झांसा देकर वीडियो कॉल किया और महज दो मिनट के भीतर बुजुर्ग के खाते से दो किस्तों में कुल 7.40 लाख रुपये साफ कर दिए। पीड़ित बीएल शर्मा की शिकायत पर क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब सवा दस बजे उनके पास एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को रेलवे विभाग, झांसी (उत्तर प्रदेश) का कर्मचारी बताया और कहा कि आज पेंशन वेरिफिकेशन का आखिरी दिन है। इसके बाद उसने वीडियो कॉल रिसीव करने को कहा।

ठग के पास पीड़ित का अकाउंट नंबर और पासवर्ड पहले से था। झांसे में आकर पीड़ित ने जैसे ही ओटीपी साझा किया, दो मिनट में केनरा बैंक अकाउंट से पहली बार में 5 लाख और दूसरी बार में 2.40 लाख रुपये कटने के मैसेज आ गए। डीएसपी साइबर सेल मनीष यादव के अनुसार, बैंक स्टेटमेंट के आधार पर पैसों के ट्रांसफर ट्रेल और ठगों का पता लगाया जा रहा है।

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को कुचला, मौत

ग्वालियर। पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के सुसैरा चौराहे के पास मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहाँ एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने लापरवाही से चलाते हुए बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि सिर और शरीर में गंभीर चोटें आने के कारण बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मुरैना के ग्राम बहोरपुरा निवासी 43 वर्षीय नरेन्द्र सिंह पुत्र केदार सिंह का विक्रमपुर में मकान बन रहा है। मंगलवार रात वह बाइक से विक्रमपुर से बानमोर जाने के लिए निकले थे। उनके पीछे दूसरी बाइक पर उनका भांजा राहुल व एक अन्य रिश्तेदार भी आ रहे थे।

# जिले में राजस्व अभिलेख होंगे त्रुटिरहित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 1 जुलाई.** कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राजस्व अभिलेखों में पाई गई सभी त्रुटियों का नियमानुसार, पूर्ण पारदर्शिता और निर्धारित समय-

**▸ कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में दिए समय-सीमा में सुधार करने के निर्देश**

सीमा में सुधार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लंबित राजस्व प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निराकरण, राजस्व वसूली में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति तथा आबादी भूमि से वंचित ग्रामों का सर्वे कर नियमानुसार नई आबादी भूमि घोषित करने की कार्रवाई भी



प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। ये निर्देश बुधवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए गए।

बैठक में बताया गया कि जिले के 276 ग्रामों में चलाए गए विशेष सर्वेक्षण अभियान के दौरान लगभग 4 हजार खसरों में गलत प्रविष्टियां, नाम संबंधी त्रुटियां एवं अन्य राजस्व विसंगतियां चिन्हित की गई हैं। इनका सुधार संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के नेतृत्व में निर्धारित राजस्व प्रक्रिया के अनुसार प्रारंभ कर दिया गया है। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा कि राजस्व अभिलेखों को अद्यतन, त्रुटिरहित और विवादमुक्त बनाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन से जुड़े राजस्व मामलों में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। जिला प्रशासन का यह विशेष अभियान राजस्व अभिलेखों की शुद्धता सुनिश्चित करने, भूमि संबंधी विवादों में कमी लाने तथा ग्रामीण नागरिकों को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

# छत्तीसगढ़, बिहार, राजस्थान और यूपी ने दर्ज की जीत

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 1 जुलाई.** मध्यप्रदेश सॉफ्टबॉल क्रिकेट एसोसिएशन एवं श्री राम ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में स्व. श्री कैलाशनारायण कट्ठल स्मृति 'थर्ड सब जूनियर नेशनल सॉफ्टबॉल

**▸ नेशनल सब-जूनियर सॉफ्टबॉल क्रिकेट चैंपियनशिप का दूसरा दिन**

क्रिकेट चैम्पियनशिप 2026' के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले खेले गए। श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेज के खेल मैदान पर आयोजित इस चैंपियनशिप में देशभर की 11 टीमें हिस्सा ले रही हैं।

एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष



संजय कट्ठल और टूर्नामेंट चेयरमेन डॉ. शिखा कट्ठल ने बताया कि सभी खिलाड़ियों के लिए ठहरने व भोजन की उत्तम व्यवस्था की गई है। सचिव मधुराज शर्मा और धीरज गोयल आयोजन में विशेष सहयोग दे रहे हैं, जबकि अनिल लहरी पर्यवेक्षक की भूमिका में हैं। टूर्नामेंट के समापन पर विजेता टीमों सहित व्यक्तिगत श्रेणियों (मैन ऑफ द मैच, बेस्ट बैट्समैन, बॉलर, फील्डर) में भी पुरस्कार दिए जाएंगे। चैंपियनशिप के दूसरे दिन कुल 5 मैच खेले गए।

बालक वर्ग के मुकाबले:

पहला मैच (छत्तीसगढ़ बनाम झारखंड): झारखंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 37 रन बनाए (सचिन यादव 15, अमर 13)। जवाब में छत्तीसगढ़ ने 8.2 ओवर में 4 विकेट खोकर 38 रन बनाकर मैच जीत लिया।

दूसरा मैच (बिहार बनाम राजस्थान): बिहार ने पहले खेलते हुए 10 ओवर में 8 विकेट पर 41 रन बनाए। जवाब में राजस्थान की टीम 7 विकेट खोकर 31 रन ही बना सकी। बिहार ने यह मैच 10 रन से जीता।

तीसरा मैच (यूपी बनाम छत्तीसगढ़): यूपी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अवि कुशवाहा के शानदार 38 रनों (21 गेंद) की बदौलत 3 विकेट पर 81 रन बनाए। छत्तीसगढ़ के हिमांशु पाठक ने 2 ओवर में 13 रन देकर 3 विकेट लिए। जवाब में छत्तीसगढ़ की टीम 9 विकेट पर 63 रन ही बना सकी (युवराज सिंह 16 रन)। यूपी की ओर से धारदार गेंदबाजी (3 विकेट) के चलते यूपी ने यह मैच अपने नाम किया।

बालिका वर्ग के मुकाबले:

चौथा मैच (यूपी बनाम राजस्थान): राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 5 विकेट पर 63 रन बनाए (मनजीत 22, मंदाकिनी व आराधना 16-16 रन)। जवाब में यूपी की टीम 3 विकेट पर 44 रन ही बना सकी। राजस्थान ने यह मैच 19 रन से जीता।

पांचवां मैच (मध्य प्रदेश बनाम राजस्थान): मध्य प्रदेश की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 57 रनों पर ऑलआउट हो गई। जवाब में राजस्थान ने 7.4 ओवर में 7 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

**आज ये होंगे मुकाबले (बालिका वर्ग)-**

मध्य प्रदेश बनाम राजस्थान

बिहार बनाम उत्तर प्रदेश

# अब 24 घंटे नवकरणीय ऊर्जा मिलेगी

## नई दिल्ली में हुई प्री-बिड मीटिंग में वर्चुअली शामिल हुए सीएम

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल,1 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मप्र सरकार ने 24 घंटे नवकरणीय ऊर्जा उपलब्ध कराने की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत कर दी है. मप्र, स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में एक नए अध्याय की शुरुआत कर रहा है.**

उन्होंने बताया कि दावोस में की गई घोषणा के अनुरूप प्रदेश, 24 घंटे हरित ऊर्जा देने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव 24 घंटे



नवकरणीय ऊर्जा परियोजना के लिए, मध्यप्रदेश भवन नई दिल्ली में आयोजित प्री-बिड मीटिंग को समत्व भवन से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे. नई दिल्ली में हुई बैठक में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव तथा विभिन्न कपंनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर परियोजना ने देश में सबसे कम सौर टैरिफ स्थापित कर भारत को वैश्विक पहचान दिलाई. शाजापुर-नीमच सोलर पार्कों ने 2.14 रूपए प्रति यूनिट का प्रदेश में सबसे कम टैरिफ अर्जित किया. हाल ही में मुरैना की 4 घंटे की स्टोरेज प्लस परियोजना के लिए 2.70 रूपए प्रति यूनिट पर पीपीए हुआ, यह देश की सबसे प्रतिस्पर्धी ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं में से एक है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों को पारदर्शी नीतियां, त्वरित निर्णय और उत्कृष्ट अधोसंरचना उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने देश-विदेश के निवेशकों से मध्यप्रदेश की ऊर्जा क्रांति के सहभागी बनने का अनुरोध किया.

**▸ ऊर्जा में आत्मनिर्भरता है हमारा लक्ष्य**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केवल परियोजनाएं स्थापित करना नहीं, बल्कि हरित ऊर्जा, ऊर्जा सुरक्षा और सतत विकास के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को देश का अग्रणी राज्य बनाना राज्य सरकार का उद्देश्य है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वास जताया कि रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर परियोजना और सभी हितधारकों के संयुक्त प्रयास से 24 घंटे नवकरणीय ऊर्जा परियोजना भारत की ऊर्जा सुरक्षा और हरित विकास की दिशा में ऐतिहासिक सिद्ध होगी. नई दिल्ली की प्री-बिड मीटिंग में टाटा पॉवर, रिलायंस एनर्जी, टोरेंट पॉवर, जिंदल रिन्युएबल, एनटीपीसी., अडानी ग्रीन्स, हिन्दुस्तान पॉवर, महिंद्रा सिस्टम आदि के प्रतिनिधि मौजूद थे.



# सिविल हॉस्पिटल हजीरा में खिचड़ी एवं शरबत वितरण

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 1 जुलाई.** जन सहयोग जन कल्याण बहुद्देशीय समिति की सदस्या श्रीमती प्रीति बिंदल द्वारा अपनी वैवाहिक वर्षगांठ पर बुधवार को सिविल हॉस्पिटल हजीरा में खिचड़ी एवं शरबत वितरण का कार्यक्रम किया गया। समिति प्रकृति संरक्षण हेतु वृक्षारोपण, ऊर्जा बचत, जल है तो कल है की थीम पर जल संरक्षण, शीतल जल प्याऊ, मेडिकल कैंप, नशा मुक्ति आदि सामाजिक कार्य कर रही है, इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाह, सचिव शशि सिंह, डॉ.रश्मि मिश्रा ,अनीता, खुशबू, ऊषा, बरखा, रूबी, गीता सूर्यवंशी, महाराज सिंह, दर्शन मिश्रा, दिनेश राठौर, रघुराज सिंह भदोरिया रामभोग सिंह, रामेंद्र सिंह कुशवाह, विनय भदोरिया, कुलदीप कौरव उपस्थित रहे ।

# स्लीपर सेल कहना आंतरिक कलह का प्रमाण

## विश्वास और लखन ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 1 जुलाई. कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग और मंत्री लखन पटेल ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं से संवाद किया और उनकी समस्याओं का समाधान किया.**

बाद में कांग्रेस पार्टी की आंतरिक कलह पर मीडिया से चर्चा करते हुए विश्वास सारंग ने कहा कि कांग्रेस नेताओं द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह को स्लीपर सेल कहना पार्टी की आंतरिक कलह का प्रत्यक्ष प्रमाण है. कांग्रेस की गुटबाजी अब उनके कार्यालयों से निकलकर सड़कों





पर दिखने लगी है. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ही पार्टी की आंतरिक कलह और गुटबाजी पर खुलकर बोलने लगे हैं. धड़ों और गुटों में बंटी कांग्रेस का जनता के मुद्दों से कोई सरोकार नहीं है. कांग्रेस अपनी पार्टी की आंतरिक कलह को छिपाने और जनता का ध्यान भटकाने के लिए मीडिया की सुर्खियों में बने रहना चाहते हैं.

सारंग ने कहा कि जब भी कांग्रेस के पास जनहित के मुद्दों पर बात करने के लिए कुछ नहीं होता, तब वह झूठे आरोपों और दुष्प्रचार का सहारा लेती है. कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं की सच्चाई उनकी पार्टी के नेताओं के बयानों से ही उजागर हो रही है. कांग्रेस के नेताओं द्वारा ही अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के लिए स्लीपर सेल'जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया जाना इस बात का प्रमाण है कि पार्टी के भीतर गहरा अविश्वास, आपसी खींचतान और नेतृत्व का गंभीर संकट है.

# 'वेलकम टू द जंगल' ने तोड़े कमाई के रिकॉर्ड

अभिनेता अक्षय कुमार की नई कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' इन दिनों सिनेमाघरों में धमाल मचा रही है। फिल्म ने अपने पहले ही वीकेंड पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की और अब वीकडेज पर भी लगातार सिनेमाघरों में दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचने में कामयाब हो रही है। डायरेक्टर अहमद खान द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक मल्टीस्टारर फिल्म है, जिसमें अक्षय के साथ 30 से ज्यादा कलाकार नजर आ रहे है। बता दें कि वेलकम टू द जंगल अक्षय की वेल्कम फ्रेंचाइज का तीसरा संस्करण है और अक्षय कुमार ने 17 साल बाद इस फ्रेंचाइज में वापसी की है।

**'कॉकटेल 2' और 'मैं वापस आऊंगा' को बॉक्स ऑफिस पर दी जबरदस्त टक्कर**


**रिलीज़ के पांच दिनों के अंदर ही छुआ 100 करोड़ का आंकड़ा**

फिल्म वेलकम टू द जंगल दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाने में कामयाब हो रही है। शुक्रवार को रिलीज़ हुई इस मल्टीस्टारर फिल्म ने महज पांच दिनों के अंदर करीबन 100 करोड़ की कमाई की है। इसके साथ ही यह साल की छठवीं 100 करोड़ कमाने वाली फिल्म बन गई है। उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले वीकेंड पर इस कॉमेडी एंटरटेनमेंट फिल्म को अच्छा फायदा मिलेगा और यह अक्षय कुमारकी एक और सुपरहिट फिल्म साबित होगी।

**कमाई में 'कॉकटेल 2' और 'मैं वापस आऊंगा' से निकली आगे**

वेलकम टू द जंगल का बॉक्स ऑफिस पर मुकाबला कॉकटेल 2 और मैं वापस आऊंगा जैसी फिल्मों के साथ था। जहां एक ओर कॉकटेल 2 में शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदना जैसे कलाकार नजर आ रहे है तो वही मैं वापस आऊंगा में शरवरी बाग और वेदांग राणा नजर आ रहे है। इन दोनों ही फिल्मों की कहानी रोमांस पर आधारित है जबकि वेलकम टू द जंगल एक कॉमेडी आधारित फिल्म है। कॉमेडी फिल्म होने के कारण फिल्म को दर्शक ज्यादा पसंद कर रहे है। वहीं कमाई के आंकड़ों की बात करें तो वेलकम टू द जंगल ने जहां 5 दिनों के अंदर 100 करोड़ का आंकड़ा छुआ है वहीं मैं वापस आऊंगा ने दुनियाभर में 75 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। इसके साथ ही कॉकटेल 2 ने भी 12 दिनों में दुनियाभर में 131 करोड़ की कमाई की है।

राशि भदौरिया



# अगले पांच दिन प्रदेश में बारिश-आंधी का अलर्ट

## 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के आसार

**भोपाल, 1 जुलाई. मध्य प्रदेश में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया है. मौसम विभाग ने 5 जुलाई तक प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश, गरज-चमक और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की चेतावनी जारी की है.**

कुछ जिलों के लिए ऑरेंज और रेड अलर्ट भी जारी किया गया है. विभाग के अनुसार अलग-अलग मौसम प्रणालियों के असर से अगले कुछ दिनों तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश का दौर जारी रहेगा. मौसम विभाग के मुताबिक 3 और 4 जुलाई को बड़वानी और खरगोन जिले में कहीं-कहीं बहुत भारी बारिश हो सकती है. वहीं 5 जुलाई को गुना, सागर, रायसेन और रीवा संभाग के कुछ इलाकों में भी अत्यधिक बारिश का अनुमान है. इसके अलावा भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, नर्मदापुरम, शहडोल, रीवा और सागर संभाग के कई जिलों में अलग-अलग दिनों में तेज बारिश, बिजली गिरने

**▸ रतलाम में अधिकतम तापमान 37 .6 डिग्री**

और तेज हवा चलने की संभावना जताई गई है. देर शाम और रात के शुरुआती घंटों में सागर, रायसेन, उज्जैन, सतना, रीवा, मऊगंज, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, पन्ना, इंदौर, देवास, धार, अलीराजपुर, झाबुआ और सिंगरौली में मध्यम बारिश के साथ गरज-चमक और 50 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवा चल सकती है. वहीं भोपाल, विदिशा, सीहोर, राजगढ़, शाजापुर, आगर, गुना, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, जबलपुर, कटनी, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, दतिया, भिंड, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, रतलाम, मंदसौर और नीमच समेत कई जिलों में हल्की बारिश और गरज-चमक का अनुमान है.

प्रदेश के मौसम की बात करें तो बुधवार को सबसे अधिक अधिकतम तापमान रतलाम में 37.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. इसके बाद नरसिंहपुर में 36.4, धार में 36.1 और टीकमगढ़ में 36 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ.

**प्रशिक्षण ▸ मंत्रालय के स्टॉफ ऑफिसर से लेकर क्लास फोर को 15 में से 6 कोर्स की ट्रेनिंग लेना होगा**

# ढलती उम्र में स्वयं को हाईटेक बनाएगा स्टॉफ

कन्हैया लोधी

**भोपाल, 1 जुलाई. मंत्रालय में बड़े अफसरों के सहयोगी की बड़ी भूमिका निभाने वाले स्टॉफ को अब ढलती उम्र में हाईटेक बनना होगा. स्टॉफ आफिसर से लेकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों तक के लिए कुल 15 कोर्स तय कर दिए गए हैं, इन 15 में से कम से कम 6 कोर्स की ट्रेनिंग करना होगा.**

यह ट्रेनिंग भी पूरा करने के लिए एक वर्ष की डेड लाइन तय कर दी गई है. सामान्य प्रशासन विभाग के इस पत्र से मंत्रालय में पदस्थ कर्मचारियों में बेचैनी बढ़ गई है. दरअसल राज्य सरकार ने



अधिकारियों- कर्मचारियों के लिए आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर तय ट्रेनिंग कोर्स को पूरा करना अनिवार्य कर दिया है. इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों को पत्र भेजा है. उसके बाद अब विभागों ने कर्मचारियों को लाइनअप करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिससे कि उन्हें ट्रेनिंग दिलाया जा सके. यह ट्रेनिंग ऑनलाइन ही होगी. ट्रेनिंग में मंत्रालय में पदस्थ सभी स्टॉफ ऑफिसर , निज सचिव, सहायक अनुभाग अधिकारी, सहायक ग्रेड-2, सहायक ग्रेड-3, शीघ्रलेखक, स्टेनोटायपिस्ट, तकनीकी श्रेणी और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शामिल होंगे.

कर्मयोगी क्षमता, कर्मचारियों को सशक्त बनाने में योग की भूमिका, परामर्श और अन्य सेवाओं के खरीद के लिए संविदा प्रबंधन, वस्तुओं की खरीद के लिए संविदा प्रबंधन, मप्र वित्तीय संहिता, टेण्डर प्रक्रिया, मप्र भंडार क्रय नियम-2015 संशोधित, वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली के तहत सर्विस मैनेजमेंट, ई-ऑफिस, पोर्टल:परिचय एवं दक्षता प्रशिक्षण, कैबिनेट संक्षेपिका, मप्र सिविल सेवा नियम 1996, मप्र मूलभूत नियम सरकारी सेवकों के अधिकार एवं दायित्व, मप्र सिविल सेवा आचरण नियम, कार्यस्थल पर यौना उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम 2013 और आईएफएमआईएम एकीकृत वित्तीय प्रबंधन और सूचना प्रणाली परिचय.

### उम्रदराज शासकीय सेवकों के लिए परेशानी

मंत्रालय में पदस्थ ऐसा स्टॉफ जिनकी उम्र अधिक हो गई है, विशेष रूप से ऐसे शासकीय सेवक जो कि 50 वर्ष या उससे अधिक की आयु पूरी कर चुके हैं, उनके लिए हाईटेक तरीके से ऑनलाइन ट्रेनिंग में हिस्सा लेना आसान नहीं होगा. अभी ऐसे शासकीय सेवक जैसे-तैसे ई-ऑफिस प्रणाली से जूझ ही रहे हैं और तालमेल बिठाने की कोशिश कर रहे हैं, इस बीच अब 15 में से 6 कोर्स की एक वित्तीय वर्ष में ट्रेनिंग पूरा करने की अनिवार्यता ने उनकी परेशानी बढ़ा दी है .

# जिला अनुशासन समिति की बैठक कल

**ग्वालियर 01 जुलाई।** अ.भा. कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा कांग्रेसजनो को दिए गए संदेश कोई कितना भी बड़ा हो पार्टी से बड़ा कोई नहीं। इस संदेश को अमलीजामा पहनाने के लिए कल कांग्रेस अनुशासन समिति की बैठक होगी।

अनुशासन समिति के संयोजक अरूण केन, सह सयोजक प्रेम सिंह यादव, दशरथ सिह पटेल, राजकुमार शर्मा, जेएच जाफरी, रविन्द्र सिंह भदौरिया, मीनू परिहार, पवन मिश्रा, रामबाबू श्रीवास ने संयुक्त रूप से कहा कि कांग्रेस पहचान बनाती है, सम्मान दिलाती है और आगे बढ़ाती है।